# OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR

**Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)**

Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

**E-mail: hegtdcano@mp.gov.in** ☎9893076404


Industrial Tour to Hindustan Power Plant Moser Baer Jaithari (11-03-2022)


**कार्यालय प्राचार्य शासकीय तुलसी (अग्रणी) महाविद्यालय अनूपपुर जिला–अनूपपुर (म0प्र0)**

Azadi Ka Amrit Mahotsav

E-mail :- hegtdcano@mp.gov.in ☎ 9425844318


क्रमांक / 932 / स्था. / 2022 अनूपपुर, दिनांक: 15-6-22

## उपयोगिता प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि, कार्यालय निदेशक, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, उच्च शिक्षा भोपाल का पत्र क्रमांक / 430 / 216 / विवेकानंद / 2021 भोपाल, दिनांक 10.11.2021 एंव योजना क्रमांक / 6915 के अंतर्गत औद्योगिक भ्रमण हेतु आबंटित बजट ₹–15000.00 (रूपये पंद्रह हजार मात्र) का पूर्णतः उपयोग कर लिया गया है।

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

प्राचार्य / PRINCIPAL
शास. तुलसी (अग्रणी) महाविद्यालय अनूपपुर / Govt. Tulsi College Anuppur
जिला अनूपपुर (म0प्र0) / Distt. Anuppur (M.P.)

## OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR

**Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)**

Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

**E-mail: hegtdcano@mp.gov.in** ☎9893076404

## शासकीय अग्रणी तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर (म.प्र.)




स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजनाए उच्च शिक्षा विभाग म०प्र०
औद्योगिक भ्रमण हिन्दुस्तान पॉवर प्लांट (मोजर वेयर) जैतहरी जिला-अनूपपुर (म०प्र०)

औद्योगिक भ्रमण प्रतिवेदन 2021.22

दिनांक-11.03.2022

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)


**OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR**
**Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)**
Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

**E-mail: hegtdcano@mp.gov.in** 9893076404

# औद्योगिक भ्रमण प्रतिवेदन 2021-22
# हिन्दुस्तान पॉवर प्लांट (मोजर वेयर) जैतहरी, जिला-अनूपपुर (म०प्र०)

उच्च शिक्षा भोपाल मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के तहत् महाविद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों को योजना क्रमांक-6915 के अन्तर्गत औद्योगिक भ्रमण ( औद्योगिक छेत्रो से प्रत्यक्ष संपर्क कराये जाने) हेतु वित्तीय वर्ष 2021-22 के अन्तर्गत तृतीय त्रैमास में शासकीय अग्रणी तुलसी महाविद्यालय को 15000-/ रूपए (पन्द्रह हजार रूपए मात्र) की राशि आवन्टित की गई।

कार्यालय निदेशक स्वामी विवेकानन्द कैरियर मार्गदर्शन योजना उच्च शिक्षा, भोपाल (म.प्र.) के पत्र क्रमांक/430/216/विवेकानन्द /2022, भोपाल दिनांक 10/11/2021 के पालनार्थ 11 मार्च 2022 को अनूपपुर जिला मुख्यालय से लगभग 15 किमी की दूरी स्थित औद्योगिक इकाई" हिंदुस्तान पावर प्लान्ट जैतहरी, जिला-अनूपपुर का महाविद्यालय के विद्यार्थियों को कोविड-19 के अन्तर्गत जारी निर्देशों का पालन करते हुए औद्योगिक भ्रमण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रम सिंह बघेल के निर्देशानुसार कराया गया। इस भ्रमण हेतु स्नातक एवं ज्ञातकोत्तर अंतिम वर्ष छात्र/छात्राओ को प्राथमिकता प्रदान की गई।






शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर के संरक्षक एवं प्राचार्य डॉ. विक्रम सिंह बघेल निर्देशन में, महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जे. के. संत के द्वारा 11 मार्च 2022 सुबह 9:00 बजे बस को हरी झण्डी दिखाकर महाविद्यालय के 46 छात्र/ छात्राओं के दल को महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन के प्रकोष्ठ प्रभारी सहायक प्राध्यापक प्रो. विनोद कुमार कोल और सह-प्रकोष्ठ प्रो. संगीता बासरानी के नेतृत्व में औद्योगिक भ्रमण हेतु हिंदुस्तान पावर प्लान्ट जैतहरी (मोजर बेयर) रवाना किया गया। इस भ्रमण दल में महाविद्यालय के अन्य सहायक प्राध्यापक प्रो. ज्ञान प्रकाश पांडेय, प्रो. शाहबाज़ खान, प्रो, कमलेश चावले और डॉ. तरन्नुम सरवत शामिल रहे।

महाविद्यालय के विद्यार्थियों का यह सुबह 10:00 बजे हिंदुस्तान पावर प्लान्ट जैतहरी पहुंचा जहां प्लान्ट के एच. आर. विभाग के सह-प्रमुख श्री गौरव पाठक ने सभी का स्वागत कर परिचय प्राप्त किया और प्रवेश संबंधी प्रकिया पूरी कर प्लान्ट में प्रवेश की अनुमति प्रदान कर दी।

श्री पाठक ने हिंदुस्तान पावर प्लान्ट के सम्बन्ध बताया कि इस प्लान्ट में 2520 मेगावाट कोयला आधारित यर्मल पॉवर प्रोजेक्ट विकसित किया जा रहा है। परियोजना को निम्नानुसार दो चरणों में प्रारम्भ करने की योजना है।

प्रथम चरण : 1200 मेगावाट (600-600 मेगावाट के 2 यूनिट)
द्वितीय चरण: 1320 मेगाबाट (660-660 मेगावाट के 2 यूनिट)

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

E-mail: hegtdcano@mp.gov.in 9893076404

जिसमे एमबी पॉवर मध्यप्रदेश लिमिटेड (एमबीपीएमपीएल) के माध्यम से 1200 मेगावाट का प्रथम चरण 1 अप्रैल 2016 से प्रारम्भ कर इसका वाणिज्यिक संचालन किया जा रहा है।
इस परियोजना के लिए कोयला दछिन -पूर्वी कोलफील्डस से लिया जा रहा है और पानी सीन प्राप्त किया जा रहा है साथ ही विश्वसनीयता, मितब्यिता बढ़ाने और सिस्टम हानियों को कम करने के लिए इस परियोजना की राष्ट्रीय ग्रिड से जोड़ा गया है। इससे उत्पादित 85% बिजली उतरप्रदेश, मध्यप्रदेश और हरियाणा को लंबी अवधि के साथ-साथ मध्यम अवधि के लिए तथा लेप बिजली द्विपक्षीय व्यवस्थाओ और पावर एक्सचेंज के माध्यम से बेचीं जाती है। वित्त वर्ष 2018-19 में बार्षिक आधार पर लगभग 100% राख को सीमेंट निर्माताओ द्वारा उठाया और उपयोग किया रहा है। श्री पाठक ने विद्यार्थियों की बिजली उत्पादन से लेकर वितरण तक की समस्त गतिविधियों को विस्तारपूर्वक समनाया |





पॉवर प्लान्ट के फायर सिक्योरिटी सिस्टम विभाग के प्रमुख श्री धीरेन्द्र सिंह के द्वारा प्लान्ट के फाबर सिक्योरिटी सिस्टम के बारे में छात्र । छात्राओ को बताया और साथ ही इसका एक डेमो भी दिया गया ।

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

**OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR**
**Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)**
Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

**E-mail: hegtdcano@mp.gov.in** 9893076404



# तुलसी महाविद्यालय की छात्राओं ने मोजर बेयर पावर प्लांट का किया औद्योगिक भ्रमण

भूपेंद्र पटेल

अनूपपुर (लोक किरण)। शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर के स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रम सिंह बघेल के संरक्षण और निर्देशन में किया किया गया ।महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रध्यापक डॉ. जे. के. संत द्वारा हरी झंडी दिखाकर छात्र/छात्राओं के दल को प्राध्यापकों के साथ हिन्दुस्तान पॉवर प्लांट जैतहरी औद्योगिक भ्रमण हेतु महाविद्यालय से बस द्वारा रवाना किया। प्लांट में एच.आर विभाग के श्री गौरव पाठक के द्वारा भ्रमण दल को पॉवर प्लांट में बिजली उत्पादन से लेकर वितरण तक की समस्त गतिविधियों को विस्तार पूर्वक समझाया गया। श्री धीरेंद्र सिंह के द्वारा फायर सिस्टम सेक्यूरिटी के बारे मे छात्र/छात्राओं को बताया गया और इसका एक डेमो भी दिया गया ।भ्रमण के अंत में मोजर बेयर प्लांट के एच. आर. प्रमुख श्री खटाना महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं से मिले और उनका परिचय प्राप्त कर और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।



इस भ्रमण के अंत में हिंदुस्तान पॉवर प्लान्ट के एच. आर. विभाग के प्रमुख श्री एच. आर. चटाना महविद्यालय के छात्र। छात्राओ
और प्राध्यापको से मिले और उनका परिचय प्राप्त किया और साथ अपना और अपने विभाग के अधिकारियो का भी परिचय सभी
से कराया । श्री खटाना ने बऔद्योगिक भ्रमण में आये सभी छात्र। छात्राओ को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाए दी । भ्रमण
दल की ओर से महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद कैरिएर मार्गदर्शन के प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. विनोद कुमार कोल ने हिंदुस्तान पॉवर
प्लान्ट जैतहरी के एच. आर. विभाग के प्रमुख श्री खटाना और उनके विभाग के प्रति आभार प्रकट किया गया |

प्रतिवेदक
विनोद कुमार कोल
सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र)
शासकीय तुलसी (अग्रणी) महाविद्यालय,
अनूपपुर जिला-अनूपपुर (म०प्र०)

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)